हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 जनवरी 2026

13 स्वयंसेवकों ने हुडा पार्क एवं उसके आस-पास के ...


13 चेयरमैन ने परीक्षा को लेकर छात्रों के मन में उठने...


## खबर संक्षेप

### बिजली पेंशनर्ज की मासिक बैठक स्थगित

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक पेंशनर्ज कार्यालय में हुई। बैठक में अत्याधिक सर्दी के मौसम को देखते हुए 2 जनवरी को आयोजित होने वाली मासिक बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया। एसोसिएशन के जिला प्रधान बाल मुकुंद बापोड़ा व जिला महासचिव आरके चावला ने बताया कि जिन पेंशनर्ज की आयु 70 वर्ष हो गई है वे एलटीसी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### अधिकार मित्र के लिए आवेदन आमंत्रित

**भिवानी।** जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र (पैरा लीगल वालंटियर्स) (संशोधित) योजना के अनुसार जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए पैनल पुनर्गठित किया जाना है। इसके लिए आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 28 जनवरी, 2026 सायं 5 बजे तक की गई है । सभी वांछित दस्तावेज सेल्फ अटेस्टेड कॉपी होने चाहिए। अधिकार मित्र (पैरा लीगल वालंटियर्स) साक्षर, कम से कम 10 वीं पास तथा समग्र समझ की क्षमता वाले होने चाहिए।



### बाल विवाह रोकथाम को लेकर किया जागरूक

**बाढ़ड़ा।** बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुरीति नहींबल्कि ऐसा अभिशाप है जिसके चलते न सिर्फ दो बच्चों बल्कि उनके परिवारों को भी इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ जाते हैं। ये बात बाढ़ड़ा खंड समन्यवक व अध्यापक सुंदरपाल फौगाट ने कही। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र कारीरूपा मे पहुंचकर सभी ग्रामीणों को जागरूक किया। बच्चों को बाल विवाह को रोकने के लिए शपथ दिलवाई और दुष्परिणाम बताए।

## उम्मीदें 2026

# 417 करोड़ की लागत से आरसीसी की बनेगी भिवानी-घग्गर ड्रेन, जलभराव से मिलेगी मुक्ति

डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार सिंचाई विभाग ने इस एस्टीमेट को चंडीगढ़ मुख्यालय भेजा है। वहीं दूसरी ओर डीसी ने गांव तिगड़ाना और सुई के आसपास क्षेत्र में मौके पर पहुंचकर ड्रेन की स्थिति का जायजा लिया। यह गांव बापोड़ा के समीप से हिसार जिले के गांव दाहिमा तक है।

» ड्रेन के आरसीसी बनने के बाद इसके टूटने की नौबत नहीं आएगी, और इसकी क्षमता भी बढ़ जाएगी, जिससे किसानों को काफी हद तक राहत मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

नव वर्ष 2026 के आगमन पर जिले में विशेषकर किसानों के साथ-साथ आमजन के लिए अच्छी खबर है। जिला प्रशासन ने अत्यधिक बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए बनाई गई जिला में भिवानी-घग्गर ड्रेन को आरसीसी से बनाए जाने की योजना तैयार की है। इस योजना पर करीब 417 करोड़ रुपए की लागत आएगी। डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार सिंचाई विभाग ने इस एस्टीमेट को चंडीगढ़ मुख्यालय भेजा है। वहीं दूसरी ओर डीसी गुप्ता गांव तिगड़ाना और सुई के आसपास क्षेत्र में मौके पर पहुंचकर ड्रेन की स्थिति का जायजा लिया।

### 51 किलोमीटर है लंबाई

उल्लेखनीय है कि विशेषकर बरसात के मौसम के दौरान खेतों में जलभराव की स्थिति बनने पर उस पानी को भिवानी-घग्घर ड्रेन में डाला जाता है। पानी के दबाव से ड्रेन के टूटने की स्थिति भी बन जाती है, इससे खेतों में नुकसान और अधिक बन जाता है। नुकसान के बचाव को लेकर डीसी साहिल गुप्ता के



निर्देशानुसार सिंचाई विभाग ने ड्रेन को आरसीसी से बनाने की योजना तैयार की है, जो गांव बापोड़ा के समीप से हिसार जिला के गांव दाहिमा तक है, जिसकी लंबाई करीब 51 कि. मी. है। सिंचाई विभाग ने ड्रेन के आरसीसी बनाए जाने के एस्टीमेट को तैयार कर चंडीगढ़ मुख्यालय भेज दिया है। ड्रेन के आरसीसी बनने के बाद इसके टूटने की नौबत नहीं आएगी, वहीं दूसरी ओर इसकी क्षमता भी बढ़ जाएगी, जिससे किसानों को काफी हद तक राहत मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से प्रदेशभर के डीसी से बात की

वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से प्रदेशभर के सभी डीसी से बात की। उन्होंने बाढ़ राहत एवं जल निकासी से संबंधित प्रस्तावित परियोजनाओं में शामिल जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की स्थायी निकासी, नालों एवं पुलियों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, मार्गों का सुदृढ़ीकरण तथा वर्षा जल प्रबंधन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बाढ़ से राहत के लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध होने चाहिए, जिनकी समय रहते खरीद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी ड्रेनों की सफाई होना जरूरी है।

### 70 प्रतिशत जमीन पर बिजाई नहीं हो पाई

डीसी गुप्ता ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर गांव बापोड़ा और सुई के नजदीक क्षेत्र में भिवानी-घग्घर ड्रेन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आसपास क्षेत्र के किसानों से भी बात की। गांव बापोड़ा के सरपंच सुग्रीव व अन्य ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि जलभराव होने से ड्रेन के साथ लगती करीब 70 प्रतिशत खेतों की जमीन पर बिजाई नहीं हो पाई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव बापोड़ा से बलियाली तक ड्रेन में पत्थरों द्वारा कार्य करवाया जाना है, लेकिन वह कार्य शुरु तो हुआ, लेकिन उसके बाद आगे नहीं हुआ। इस पर डीसी ने ग्रामीणों को बताया कि इस कार्य की सिंचाई विभाग से पूरी जानकारी ली जा रही है। इसी के चलते मौके पर आकर निरीक्षण किया गया है। डीसी ने बिजली निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि बापोड़ा के आबादी क्षेत्र से पानी निकासी होने तक बिजली की निर्बाध रूप से आपूर्ति हो।

एसडीएम व एसपी कार्यालय का होगा घेराव

# बेटियों के सम्मान में घणघस खाप ने लिया बड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

- खाप नेताओं ने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया
- नारनौंद क्षेत्र में खुशी नर्सिंग कॉलेज कागसर से जुड़ा विवाद गरमाया

नारनौंद क्षेत्र में खुशी नर्सिंग कॉलेज कागसर से जुड़े विवाद ने अब बड़ा रूप ले लिया है। मामले में बेटियों के सम्मान और न्याय की मांग को लेकर राष्ट्रीय घणघस खाप पूरी तरह से मैदान में उतर आई है। खाप की हालिया बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रशासन ने उनकी मांगें पूरी नहीं की, तो क्षेत्र में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान खाप नेताओं ने प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए तीन दिन का अल्टीमेटम जारी किया है। उनकी मुख्य मांग खुशी नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन की तत्काल गिरफ्तारी है।

पोस्टर के माध्यम से ये स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर गिरफ्तारी नहीं होती है, तो खाप के नेतृत्व में भारी संख्या में लोग सड़कों पर उतरेंगे। घणघस खाप के राष्ट्रीय प्रधान प्रेम कुमार, प्रवक्ता नफेसिंह, हरियाणा प्रधान काला शेखपुरा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश मांढी, सत्यवान, राजेश, नफे सरपंच, बलवान बॉडी व रामपाल आदि ने बताया कि घणघस खाप ने चलो नारनौंद का आह्वान करते हुए 2 जनवरी को विशाल विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

इस दिन खाप के सदस्य और स्थानीय नागरिक एकत्रित होकर नारनौंद एसडीएम व पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय का घेराव करेंगे। घणघस खाप के प्रतिनिधियों का कहना है कि ये लड़ाई केवल संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि बेटियों की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा के लिए है। उन्होंने साफ कर दिया है कि जब तक दोषियों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा जाता, तब तक उनका यह शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ संघर्ष जारी रहेगा।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में वंशिका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

राजकीय वमा विद्यालय पालुवास में संस्कार भारती भिवानी इकाई के तत्वावधान में संविधान के 75 में वर्ष की पूर्णता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा संविधान से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे भारतीय संविधान-लोकतंत्र की रीढ़,भारतीय संविधानः हमारे अधिकारों का प्रहरी, संविधान केवल किताब नहीं जीवन पद्धति है आदि पर 250 से 400 शब्दों में निबंध लिखा।

इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या अर्चना गौड, संस्कार भारती के कार्यकारी अध्यक्ष भगवान शास्त्री, महासचिव अनिल पोपली और साहित्य विधा प्रमुख अनिल वत्स उपस्थित रहे। संस्कार भारती सदस्यों द्वारा ध्येय गीत की शानदार प्रस्तुति की। कार्यक्रम का संयोजन अंग्रेजी प्रवक्ता एवं संस्कार भारती भिवानी इकाई अध्यक्षा दीपमाला शर्मा ने किया। प्रतियोगिता का निर्णय विद्यालय में राजनीति विज्ञान प्रवक्ता डॉ रतन कौर तथा भूगोल प्रवक्ता नीरज द्वारा तैयार किया, जिसमें वंशिका, हिमांशी, कशिश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा खुशबू और अंजलि ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किये। छात्रा अंतिमा को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया। विद्यालय प्राचार्या अर्चना गौड ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी हैं। वत्स ने स्वरचित कविता प्रस्तुत की। अनेक विद्यार्थियों ने भी संविधान पर कविताएं और प्रस्तावना सुनाई।



**भिवानी।** विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# अतिथि अध्यापक सोमबीर टिटानी को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

वीर शहीद हवलदार विजय सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय बुशान में शिक्षा विभाग में कार्यरत गेस्ट अध्यापक मास्टर सोमबीर शर्मा टिटानी 58 वर्ष की आयु पूरी करने उपरांत बुधवार को स्कूल स्टाफ की तरफ से सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया।

21 साल की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हो रहे मा. सोमबीर टिटानी के सम्मान में आयोजित विदाई कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों और ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य व सुखद जीवन के लिए बधाई दी। हेडमास्टर नरेश शर्मा सहित स्टाफ सदस्यों ने सेवानिवृत्त मा. सोमबीर टिटानी को पगड़ी, माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल हेडमास्टर नरेश शर्मा व प्रधान मा. सुरेन्द्र सुरा ने विज्ञान अध्यापक मा. सोमबीर टिटानी को मिलनसार बताते हुए उनकी कार्यकुशलता की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब कोई अधिकारी या कर्मचारी नियुक्त होता है, उसकी सेवानिवृति का दिन भी उसी दिन निर्धारित हो जाता है। उन्होंने कहा कि मास्टर सोमबीर टिटानी ने हमेशा अपना कार्य पूरी निष्ठा व लग्न से करते हुए शिक्षा विभाग को अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति उपरांत सामाजिक दायित्व का निवर्हन करने में अब वे अपनी सहभागिता निभाएं।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान मा. बलबीर, पूर्व सरपंच बीर सिह, रामनिवास फौजी, सुनीता देवी, नवीन शर्मा, मा. सुरेश सामटीया, सत्यवान शर्मा, मा. दिनेश, मा. राजकुमार, कलर्क मुकेश, प्रधान दलबीर सिंह, परमेश्वरी, राजरती, रोशनी आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# 34 वर्ष की सेवा के पश्चात बीईओ डॉ. बाल किशन यादव सेवानिवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में बतौर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यरत डॉ. बाल किशन यादव 34 साल की बेदाग सेवा पश्चात सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृति को लेकर बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेंविदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खंड के तमाम प्राचार्य, विद्यालय मुखियाओं ने उपस्थित दर्ज कराई। मंच संचालन डॉ. नवीन ने किया। व्यवस्था प्रबंधन प्राचार्या संतोष भाकर व स्टाफ द्वारा किया गया। विदाई कार्यक्रम में अधिकारी की धर्मपत्नी प्राचार्या सुनीता यादव पूरे परिवार सहित पहुंची। वहीं समाजसेवी आनंद भट्ठे वाले, प्रवक्ता सुभाष शर्मा, कार्यकारी बीईओ आनंद शर्मा, प्राचार्य विवेक अदलखा, प्राचार्य मनोज यादव प्रवक्ता सत्यवान यादव, डॉ. कृष्ण यादव अन्य ने पहुंचकर अधिकारी को पगड़ी पहनाई। डॉ. बाल किशन यादव की धर्मपत्नी प्राचार्या सुनीता यादव ने बताया कि उनके पति ने वर्ष 1991 में प्रवक्ता जियोग्राफी के पद पर जींद के वमावि में कार्य ग्रहण किया था। वर्ष 2023 में बवानीखेड़ा में खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हुए।



**बवानीखेड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्याालय में विदाई कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. बाल किशन यादव का पगड़ी पहनाकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# 8 को जिला मुख्यालयों पर होगा प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

- सहकारी बैंक कर्मचारियों का सरकार के खिलाफ बिगुल

**भिवानी।** हरियाणा सरकार द्वारा अनुबंधित कर्मचारियों के लिए हाल ही में लांच किए सिक्योर एम्प्लॉई पोर्टल को लेकर विवाद गहरा गया है। वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक में सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरुण जोशी ने की, जबकि मंच का संचालन प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वशिष्ठ ने किया। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री पवन कुमार, प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला व प्रदेश मंत्री हवासिंह तंवर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत की।




सत्संग

## परिवर्तन प्रकृति का नियम, बीते समय से सीखो और चिंता नहीं उसपर चिंतन करो: परमसंत

सेवकाई सबसे बड़ी चीज है और सेवक का दर्जा भी सबसे ऊंचा है

# सेवा में कपट एवं चतुराई नहीं चलती, जैसी करोगे सेवा वैसी मिलेगी मेवा: कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी





दिन आते हैं, जाते हैं,परिवर्तन प्रकृति का नियम है, लेकिन जो बीत गया वो सीख भी देता है। बीते हुए से सीखो इसलिए चिंता नहीं चिंतन करो। जब चेतोगे तभी सवेरा हो जाएगा, हम हर काम तो योजना बनाकर करते हैं, लेकिन भक्ति की कोई योजना नहीं। इस नए साल में ये योजना बनाओ की इतना समय जो बिना भक्ति के बीता है, अब आने वाले समय में इसका सदुपयोग करेंगे, ये सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने रोहतक रोड स्थित भिवानी राधा स्वामी सत्संग भवन में नववर्ष पर होने वाले सत्संग की पूर्व संध्या पर सेवा कार्य के लिए एकत्रित हुए सेवादारों को फरमाया।

हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि संत महात्मा भी कहते हैं कि जो बीत गया सो बीत गया आगे की सुध लो,क्योंकि जो गुजर गया वो दुबारा नहीं आता। चाहे मुख से निकली बात हो या हम से हुआ कर्म। इंसान के जीवन में समय का गहरा संबंध है, जैसे जैसे समय बढ़ता जाता है इंसान की उम्र घटती जाती है। हुजूर कंवर साहेब ने बताया कि इंसान सुखी जीवन जीना चाहता है और वो सुख संसार की बातों में खोजता है, जबकि सुख संसार से विरक्ति में है। हुजूर महाराज ने सेवादारों को बधाई देते हुए कहा कि सेवकाई सबसे बड़ी चीज है और सेवक का दर्जा भी सबसे ऊंचा दर्जा है। स्वयं श्रीरामचंद्र ने काक भासुंडी को सेवकाई के महत्व को बताते हुए कहा है कि वैसे तो मुझे सब जीव प्यारे हैं लेकिन इन जीवों में मुझे इंसान प्यारे हैं।

### सच्चा गुरु वहीं, जो पहले अच्छा व सच्चा सेवक हो

गुरु महाराज ने कहा की एक सच्चा गुरु भी वहीं है जो पहले अच्छा और सच्चा सेवक होगा। अपनी खुदी को इतना बुलंद करो कि लोग स्वतः आपके बारे में बखान करना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि बिना सेवा के भक्ति भी संभव नहीं है।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। दिव्यांग को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### दिव्यांगजनों को किया सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** केयर मोटिव ट्रस्ट की ओर से एमडीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेवल में दिव्यांगजनों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के दिव्यांगजनों को ट्रस्ट की ओर से गर्म वस्त्र व आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता केयर मोटिव ट्रस्ट अध्यक्ष दिनेश कुमार ने की। दिनेश कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन ईश्वर का ही एक साक्षात स्वरूप है, उनको घृणा की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### रामचंद्र पब्लिक स्कूल में नववर्ष मनाया

**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल में नववर्ष का स्वागत उत्सव बड़े हर्ष व उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने नववर्ष पर भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य व गीत प्रस्तुत किए। बच्चों को नये साल में मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर चेयरमैन राव रोशनलाल यादव ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया व नववर्ष की शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधक व शिक्षकों ने भी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### गोसेवक सम्मान समारोह आज

**नारनौल।** गोसेवा मंडल की ओर से एक जनवरी को चौथा संयुक्त गोसेवक सम्मान समारोह एवं अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम श्री अनाथ गोशाला निजामपुर रोड में आयोजित होगा। प्रधान सतपाल यादव ने बताया कि सुबह 7:15 बजे हवन होगा। सुबह 11 बजे भजन व सत्संग, 11:15 बजे प्रसाद वितरण तथा 11:30 बजे गोसेवकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक रमेश यादव होंगे।

### कनीना में नववर्ष मिलन समारोह आज

**कनीना।** व्यापार मंडल की ओर से नववर्ष के आगमन को लेकर एक जनवरी सायं सात बजे विश्वकर्मा धर्मशाला में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मंडल के प्रधान पूर्णचंद, उप प्रधान महेंद्र सेठ व महासचिव सुभाष यादव ने बताया कि समारोह में नववर्ष की कार्ययोजना को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।

रामलीला समिति ने मेडिकल जांच शिविर का आयोजन करवाया मरीजों को नि:शुल्क चश्मे भी वितरित किए

# शिविर में 850 मरीजों की जांच कर दवाइयां बांटी

## सामाजिक उत्थान में सामाजिक संगठनों की भूमिका अहम: चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप तायल ने कहा कि वर्तमान में समाज में उत्थान में विभिन्न सामाजिक संगठनों की भूमिका अहम बन चुकी है। सामाजिक संगठनों द्वारा आए दिन करवाए जाने वाले सामाजिक कार्य लोगों के कल्याण में काफी सहायक साबित होते हैं। वे रामलीला मैदान में आदर्श रामलीला समिति द्वारा आयोजित मेडिकल जांच शिविर का शुभारंभ पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में नगर पालिका उपप्रधान प्रतिनिधि विपिन सैनी, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी, थाना प्रभारी जरनैल सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। समिति प्रधान संतलाल सैनी, सचिव पवन शर्मा, प्रवीण जोशी और कैलाश जिंदल ने बताया कि शिविर में करीब 850 से अधिक मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की। उन्होंने बताया कि शिविर में सबसे अधिक आंखों के रोगियों की जांच की गई तथा अनेक मरीजों को निशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में थाना प्रभारी जरनैल सिंह, श्री ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, भारत विकास परिषद के राजीव वत्स, विवेकानंद स्कूल प्राचार्य जितेंद्र भारद्वाज, भोलाराम वर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, महेंद्र कथूरिया, अर्जुन लाल सोनी व वार्ड पार्षदों को सम्मानित किया। इस मौके पर पार्षद सुनील सोलंकी, पार्षद अंतर सिंह, पार्षद रवि केडिया, पार्षद अजय शर्मा, पार्षद संतलाल, पार्षद राजेश सैनी, प्रतिनिधि अश्विनी सैनी, विजय गुरावा सहित अनेक सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद थे।





लोहारू। आदर्श रामलीला समिति के मेडिकल जांच शिविर में मौजूद अतिथि तथा राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र वितरित करती बीईओ विजय प्रभा। फोटो : हरिभूमि

### दूसरों का सहयोग करना और समर्पण की भावना रखना सबसे बड़े संस्कार: बीईओ

■ राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में बच्चों को बांटे गर्म वस्त्र

**लोहारू।** खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने कहा कि दूसरों का सहयोग करना और समर्पण की भावना रखना मनुष्य के सबसे बड़े संस्कार हैं। व्यक्ति को अपने सामर्थ्य अनुसार हर जरूरतमंद की हर संभव सहायता करनी चाहिए, ऐसे कार्यों से परमात्मा भी खुश होते हैं और समाज में भी समानता की भावना जागृत होती है। वे राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में अध्यापिका कंचन के संयोजन में आयोजित गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र भेंट कर रही थी। इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों व एसटीसी कदम सेंटर के विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र प्रदान किए। अध्यापिका कंचन ने बताया कि अपने पौत्र कुशाग्र और पौत्री दृटि के जन्मदिन पर स्कूली विद्यार्थियों को गर्म कपड़े प्रदान करने का निर्णय लिया। सभी लोगों को ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए तत्पर रहना चाहिए। बीईओ विजय प्रभा, प्राचार्या पूनम श्योराण, नीरज शर्मा, सरोज कुमारी, रेखा कुल्हरी, इंचार्ज निर्मला कुमारी, संजय जेबीटी, प्रवेश कुमार जेबीटी, सुनील कुमार आदि ने कार्यक्रम की सहराना कर दोनों नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विजय प्रभा ने सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार भी अनेक कार्यक्रम आयोजित करती है।



भिवानी। जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित करते शाखा के पदाधिकारी।

## भाविप शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

■ पदाधिकारियों ने स्वयं बच्चों को वस्त्र पहनाए

भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा द्वारा बुधवार को एकादशी पर मानवता की सेवा के संकल्प को दोहराया। कड़ाके की ठंड व शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए परिषद द्वारा एक विशेष सेवा गतिविधि का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत बैंक कॉलोनी के जरूरतमंद बच्चों और सेवा भारती द्वारा संचालित बाबा मेहूनाथ बाल सेवा केंद्र के विद्यार्थियों को गर्म कपड़े वितरित किए। सर्दियों के इस मौसम में बच्चों को ठिठुरन से बचाने के लिए परिषद ने उन्हें उच्च गुणवत्ता के गर्म लोवर, जैकेट, टोपियां, जुराबें और जूते प्रदान किए। नए कपड़े और जूते पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। शाखा के पदाधिकारियों ने स्वयं बच्चों को ये कपड़े पहनाए और उन्हें ठंड में अपना ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। शाखा के गतिविधि संयोजक सुरेश कुमार शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई धर्म नहीं है। शर्मा ने बताया कि परिषद आने वाले समय में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविरों का आयोजन, एनीमिया मुक्त अभियान, बेटियों को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा नेत्रदान जागरूकता जैसे सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी। शाखा अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ के कुशल नेतृत्व में शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा न केवल सेवा, बल्कि संस्कारों के बीजारोपण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। इस अवसर पर जगदीश चंद्र शर्मा ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने केंद्र की संचालिका कुमारी मन्नू देवी का आभार जताया।

## छात्राओं को दवाएं एवं चश्मे किए वितरित

■ श्रीमती उत्तमीबाई स्कूल में छात्राओं की करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

श्रीमती उत्तमी बाई आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लायंस क्लब भिवानी सिटी द्वारा स्वस्थ बच्चे उज्वल भारत के अंतर्गत तीन दिवसीय नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन किया। कैंप में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की सभी छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया।

लायंस क्लब के प्रधान प्रदीप जैन, सचिव सुरेश केडिया, कोषाध्यक्ष प्रमोद मिंडूका व प्राचार्या अनीता बासोतिया के मार्गदर्शन में नेत्र परीक्षण संस्था नेक्स्ट जैन, नेत्र नीति व दिल्ली ऑप्टिकल के सदस्यों ने छात्राओं के नेत्रों की जांच करके नेत्र से संबंधित बीमारियों की जानकारी एवं अपवर्तक त्रुटियों (कम /दूर दृष्टि) की आधुनिक मशीनों द्वारा जांच करके छात्राओं को दवाएं एवं चश्मे वितरित किए। दिल्ली ऑप्टिकल के ऑप्टिक्स शैलेश ने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य छात्राओं को नेत्र संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक एवं उनका शीघ्र निदान कर भारत के प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ दृष्टि प्रदान करना है। प्राचार्या अनीता ने लायंस क्लब व नेत्र परीक्षण संस्था के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि नेत्रों के बिना सुंदर संसार की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी नेत्र संबंधी समस्या होने पर समय रहते जांच करवानी चाहिए, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है।




भिवानी। शिविर में मरीज की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण करें युवा: नीलम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विद्यार्थियों व युवाओं को सही मायने में राष्ट्रहित में अपना योगदान देना है तो उसके लिए आवश्यक है कि वो अपने आप को सकारात्मक दिशा में आगे बढाए, उनका व्यवहार हमेशा यही होना चाहिए कि हर प्रकार के नशे व व्यसनों से दूर रह श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण किया जाए, ये आह्वान राजकीय वमा विद्यालय कादमा के राष्ट्रीय सेवा योजना की वार्षिक शिविर के दौरान स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है श्रेष्ठ समाज के निर्माण के लिए नैतिक व मानवीय मूल्यों को जीवन में धारण करना होगा तभी हमारा देश महान बन सकता है। साप्ताहिक वार्षिक शिविर प्राचार्य अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रणधीर सिंह की अगुवाई में लगातार कैडेटस द्वारा स्वच्छता सहित अन्य अभियानों के जरिए सभी को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।



भिवानी। नशे से दूर रहने की शपथ लेते विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## एग्रीस्टैक में अपना पंजीकरण करवाएं किसान : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

■ फसल बीमा, सब्सिडी और मुआवज़ा सीधे आपके खाते में आएगा

एसडीएम प्रदीप अहलावत ने उपमंडल के किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार आप सभी से एग्रीस्टैक में अपना पंजीकरण कराने की अपील करती है। इसके जरिए किसानों का ऑन लाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर यूनिक डिजिटल किसान आईडी बनाई जा रही है। यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिससे किसानों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा, पारदर्शी और तेज़ गति से लाभ मिल सके। खंड कृषि अधिकारी डॉ. बिनेश गोयत ने एग्रीस्टैक में जुड़ने से किसानों को होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फसल बीमा, सब्सिडी और मुआवज़ा सीधे आपके खाते में आएगा। वहीं किसानों को पीएम-किसान, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ उठाने में भी आसानी होगी। इसके अलावा फसल सलाह, मौसम सूचना और बाजार भाव समय पर भूमि रिकॉर्ड और फसल विवरण एक ही जगह सुरक्षित होगा। इससे किसान को बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी और कागजी कार्रवाई में कमी होगी। उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी, राजस्व व विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पूरी तरह से तालमेल करके किसानों की गांवों में जाकर डिजिटल यूनिक आईडी बना रहे हैं। साथ ही रबी फसलों का बीमा पंजीकरण करवा रहे हैं। जहां किसान अपना आधारकार्ड, भूमि रिकॉर्ड और फसल जानकारी सही-सही साझा करें। यह कार्य नज़दीकी /पंचायत/कृषि कार्यालय या सरकारी पोर्टल पर जाकर ऑन लाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

## विद्यार्थियों ने लिया नशे के खिलाफ जनजागरण व नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

■ अभियान के तहत जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन

सुभाष चौक स्थित नेहरू हाई स्कूल में नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नशामुक्ति जागरूकता अभियान का संचालन किया। अभियान की अध्यक्षता स्कूल निदेशक जिलेसिंह यादव ने की। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्राचार्या अलका यादव ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। अभियान के तहत जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनके माध्यम से नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान को सरल भाषा में समझाया। विशेष रूप से विद्यार्थियों को लक्ष्य करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने व सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि नशे की लत अपराध, दुर्घटनाओं और पारिवारिक तनाव का बड़ा कारण बनती जा रही है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही रोका जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही यह संदेश दिया कि किसी व्यक्ति को नशे की समस्या है तो उसे छिपाने के बजाय परामर्श और उपचार की ओर प्रेरित किया जाना चाहिए।




चरखी दादरी। नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लेते विद्यार्थी।

## सिंघानिया विवि की छात्रा ने जीता रजत पदक

**नारनौल।** सिंघानिया विश्वविद्यालय की प्रथम वर्ष बीए आर्ट्स की छात्रा निर्मला पुत्री राम सिंह गांव पदमपुरा निवासी चिड़ावा निवासी ने 15वीं राजस्थान सीनियर स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 100 मीटर दौड़ एवं लॉन्ग जंप स्पर्धाओं में रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही, इस प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता श्रीगंगानगर राजस्थान में आयोजित की गई। निर्मला की यह उपलब्धि उनके परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास का परिणाम है। राज्यभर से आए खिलाड़ियों के बीच उन्होंने ट्रैक एवं फील्ड दोनों स्पर्धाओं में सराहनीय प्रदर्शन किया। सिंघानिया विश्वविद्यालय के कैंपस डायरेक्टर प्रोफेसर पीएस जस्सल ने कहा कि निर्मला द्वारा 100 मीटर दौड़ एवं लॉन्ग जंप स्पर्धाओं में रजत पदक प्राप्त करना एक सराहनीय उपलब्धि है। उनके इस प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का मान बढ़ा है। हम उन्हें इस सफलता के लिए बधाई देते हैं तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना देते हैं। विश्वविद्यालय का खेल विभाग शेखावाटी क्षेत्र में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन एवं अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।




नारनौल। छात्रा निर्मला। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम | सहकारिता आंदोलन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदली: एआरसीएस

## वीटा चिलिंग प्लांट में सहकारी नेतृत्व विकास कार्यक्रम, सहकारिता से समृद्धि का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ द्वारा स्थानीय वीटा चिलिंग सेंटर के परिसर में सहकारी नेतृत्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर के दुग्ध उत्पादन सहकारी समितियों के सदस्यों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआरसीएस भिवानी कृष्ण कुमार बैनीवाल उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसीईओ देवेंद्र सिवाच और वीटा प्लांट मैनेजर सुभाष शर्मा ने शिरकत की। एआरसीएस कृष्ण कुमार बैनीवाल ने कहा कि सहकारिता आंदोलन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल मंत्र एक सबके लिए और सब एक के लिए है। भिवानी जिले के दुग्ध उत्पादक आज जिस मजबूती से खड़े हैं, उसमें सहकारी समितियों का बड़ा योगदान है। एसीईओ देवेंद्र सिवाच ने दुग्ध उत्पादकों को प्रबंधन के गुर सिखाते हुए कहा कि आज के दौर में व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। वहीं, वीटा प्लांट मैनेजर सुभाष शर्मा ने वीटा की आगामी योजनाओं और चिलिंग सेंटर की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वीटा न केवल गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, बल्कि यह किसानों के भरोसे का प्रतीक भी है। सहकारिता विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी ईश्वर सिंह व सीएम पैक्स एसोसिएशन के कार्यवाहक प्रधान प्रविंद्र मांढी ने बताया कि किस प्रकार शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से डेयरी व्यवसाय को और अधिक लाभदायक बनाया जा सकता है। उन्होंने युवा पीढ़ी को डेयरी फार्मिंग को एक आधुनिक स्टार्टअप के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया।




भिवानी। वीटा चिलिंग सेंटर के परिसर में कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## बाबा जोतराम धाम में शिविर में 110 यूनिट रक्त एकत्रित

■ रक्तदान शिविर में बलवान सिंह आर्य बतौर मुख्यतिथि रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

खंड के गांव जीतपुरा स्थित बाबा जोतराम धाम में रक्तदान एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में बाढ़सा एम्स की टीम ने रक्त संग्रह किया। रक्तदान शिविर में बलवान सिंह आर्य बतौर मुख्यतिथि रहे। कार्यक्रम के संयोजक भगत सत्यवान ने बताया कि शिविर में 110 से अधिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। यह रक्त कैंसर पीड़ित मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। मुख्यतिथि आर्य ने कहा कि दुनिया में ऐसी कोई मशीन नहीं बनी है, जो स्वयं रक्त बना सके, ऐसे में रक्तदान ही जीवन बचाने का एकमात्र साधन है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। धर्म सेना जिलाध्यक्ष प्रदीप बाढ़ड़ा और प्रदेश संगठन सचिव ओमप्रकाश ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ-साथ नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने आंखों की जांच करवाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाजहित में आगे आकर योगदान देना चाहिए। नववर्ष पर वक्ताओं ने युवाओं से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रेम चांदोंलिया, विनोद शास्त्री, महेंद्र शर्मा, अजय चाहार, दिलबाग शर्मा, पंकज शर्मा, परविंद्र मांढी, धर्मेंद्र हड़ोदा, बलजीत बाढडा, सुखबीर हड़ोदी, मास्टर सुरेंद्र सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



बाढ़डा। शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# बवानीखेड़ा में सीवरेज सफाई कार्य पर खर्च होंगे 15 लाख

## सीवरेज लाइन की सफाई कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



मानसून के दौरान कस्बा बवानीखेड़ा में सीवरेज लाईन में जमा हुई गाद की सफाई कार्य पर करीब 15.09 लाख रुपए खर्च होंगे। सीवरेज लाइनों की सफाई का कार्य शुरु हो चुका है। आने वाले कुछ ही दिनों में लोगों को सीवरेज जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। वहीं दूसरी ओर डीसी साहिल गुप्ता ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सीवरेज लाईन सफाई को जल्द से जल्द पूरा करें ताकि कस्वावासियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

उल्लेखनीय है कि मानसून के दौरान कस्बा बवानी खेड़ा के बाहरी आबादी क्षेत्र में बरसात का पानी जमा हो गया था, जिससे सीवरेज जाम हो गए थे। बारिश के पानी के साथ ही सीवरेज लाईन में गाद जमा हो गई थी। सीवरेज सिस्टम जाम होने से लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस समस्या को डीसी साहिल गुप्ता ने गंभीरता से लिया और जनस्वास्थ्य विभाग को तुरंत प्रभाव से सीवरेज लाईनों की सफाई करवाने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़ ने बताया कि कस्बे में सीवरेज लाईनों की सफाई का कार्य शुरु हो चुकी है, जो जैटिंग मशीनों से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 7, 13,14 तथा 15 से सीवर ओवरफ्लो होने बारे शिकायतें मिली थी, शिकायतों के समाधान हेतु सीवर जेटिंग मशीन लगाई गई थी। सीवर जेटिंग मशीन द्वारा सीवर ब्लोकेज खोले गए। इसके उपरांत भी बार- बार सीवर ओवरफ्लो होने बारे शिकायतें मिल रही थी। मौके का निरीक्षण किया गया। मौके पर पाया गया कि कस्बा में ज्यादा बरसात होने तथा खेतों का पानी भी कस्बे में आने से सीवर लाइन में बहुत ज्यादा सिल्ट जमा हो गई थी।

इस पर संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा बकैट मशीन से गाद निकलवा कर साफ करवाने का 15.09 लाख रुपए की लागत का कार्य आवंटित कर दिया गया। ठेकेदार द्वारा यह कार्य पिछले सप्ताह शुरू किया गया है तथा कार्य लगभग 20-25 दिनों के अंदर-अंदर पूरा करवा दिया जायेगा। इस कार्य के अंतर्गत अलग-अलग साइज़ की सीवर लाइन 300 एमएम की 1150 मीटर, 450 एमएम की 268 मीटर तथा 600 एमएम की 3350 मीटर बकैट मशीन से सिल्ट निकलवा कर साफ करवाई जानी है।

## डीएलएसए वंचित वर्गों के लिए चला रहा है कानूनी जागरूकता अभियानः सीजेएम

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी द्वारा समाज के वंचित वर्गों को न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया तथा सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में यौन कर्मियों के लिए विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- यौन कर्मियों के लिए विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए

अभियान का मुख्य उद्देश्य आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें यह महसूस कराना है कि वे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिन्हें सुरक्षा, सम्मान और न्याय प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। कार्यक्रमों के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ताओं ने यौन कर्मियों को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा प्रावधानों तथा सरकार द्वारा उपलब्ध सहायता व योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून हर व्यक्ति को समान संरक्षण प्रदान करता है। किसी भी व्यक्ति को न्याय पाने से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, धमकी या जबरदस्ती के मामलों में वे तुरंत पुलिस या विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकती हैं। कानून के तहत उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता पाने का अधिकार है। उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास संबंधी योजनाओं का लाभ भी किसी अन्य नागरिक की तरह उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी, जबरन वेश्यावृत्ति या नाबालिगों को इस कार्य में धकेलना भारतीय दंड संहिता और अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत गंभीर अपराध है।

# स्वयंसेवकों ने हुडा पार्क एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में की सफाई



भिवानी। हुडा पार्क के पास सफाई करते स्वंय सेवक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने शिविर के छठें दिन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आचार्या कविता तंवर के मार्गदर्शन में ग्रीन सोसाइटी के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा समाज को स्वच्छ एवं हरित बनाने का संदेश देना रहा। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने हुड्डा पार्क एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फैले प्लास्टिक एवं अन्य सूखे कचरे को एकत्र कर स्वच्छता अभियान चलाया और पर्यावरण संरक्षण का जागरूक उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्रीन सोसाइटी के प्रधान अमित गाबा ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि इसे जीवन भर की जिम्मेदारी के रूप में अपनाना चाहिए। अभियान में स्वयंसेविकाएँ- मानसी, चारवी, नियति, पीहू, तमन्ना तथा स्वयंसेवक कृष, रवि, चिराग, हर्ष राठी एवं राहुल की विशेष सहभागिता रही। स्वयंसेविका प्रिया ने सभी की ओर से पर्यावरण संरक्षण हेतु सदैव सक्रिय रहने की शपथ दिलाई। निःसंदेह स्वयंसेवकों का यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। विद्यालय लौटने पर विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत, प्राचार्य विमलेश आर्य एवं उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ ने स्वयंसेवकों के पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास, अमरेंद्र कुमार,खेल प्रशिक्षक राम भगत, खेल प्रशिक्षिका प्रीति यादव, आचार्या किरण मखीजा, सारिका अरोड़ा,भैया विशाल एवं कृष्णा का भी सहयोग सराहनीय रहा।

# स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता झांकी मोटे अनाज व नशामुक्ति का दिया संदेश




भिवानी। जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

- इस पहल का मुख्य उद्देश्य भारत से कुपोषण को दूर करना

**भिवानी।** गांव बामला स्थित वीर शहीद नायक शीशपाल सिंह राजकीय वमा विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप के चौथे दिन बुधवार को स्वयंसेवकों ने सामाजिक सरोकार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया। विद्यालय प्राचार्या सतेंद्र कुमारी के कुशल निर्देशन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार श्योराण के नेतृत्व में इस दौरान कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने समाज में मोटे अनाज के प्रति जागरूकता लाने के लिए एक विशेष झांकी निकाली। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भारत से कुपोषण को दूर करना और लोगों को पारंपरिक, पौष्टिक आहार के प्रति प्रोत्साहित करना था। झांकी के माध्यम से बताया गया कि कैसे बाजरा, ज्वार और रागी जैसे अनाज स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो सकते हैं।



बवानीखेड़ा। एनएसएस शिविर में उपस्थित बच्चे व शिक्षक।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आगाज

**बवानीखेड़ा।** वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब वानी खेड़ा में सात दिवसीय एनएसएस विशेष इकाई शिविर का आयोजन किया गया इसमें 54 वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक एवं स्कूल प्राचार्य आनंद कुमार ने कार्यक्रम के अध्यक्षता की और अपने कर कमलो से एनएसएस शिविर का उद्घाटन किया शिविर में विशेष अतिथि के तौर पर सीआईडी इंस्पेक्टर सुनील कपूरिया ने शिरकत कीउप प्राचार्य सुशीला देवी प्रवक्ता राजनीति शास्त्र ने सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की सभी स्टाफ मेंबर्स ने कार्यक्रम में शिरकत की कमलजीत प्रवक्ता हिंदी ने बच्चों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी और इसे एक बहुत ही अच्छी पहल बताया ।

## छात्र नेता विजय मोटू को मातृशोक

**बाढ़ड़ा।** गांव उमरवास के पूर्व सरपंच व हरियाणा छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय मोटू की माता आजाद कौर का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बिमार चल रही थी। आज हजारों ग्रामीणों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया। आजाद कौर लंबे समय तक सामाजिक कार्यो में अग्रणी रही हैं। उनके निधन पर भारतीय सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट अनिल शर्मा, प्रज्ञा शिक्षण संस्था चेयरमैन कृष्ण जेवली, कर्नल बलजीत शर्मा, ब्राह्मण नेता सीताराम शर्मा, जजपा हलकाध्यक्ष विजय श्योराण, थानेदार आलोक शर्मा, बीडीसी नरेंद्र जीतपूरा, पूर्व सरपंच बिजेंद्र पिचौपा, जयबीर बाढड़ा, मुंशीराम जांगड़ा, शक्ति पहलवान, विजय सांगवान, छात्रनेता पूर्ण शर्मा उमरवास, अन्नु जीतपूरा, राहुल आदि ने उनके आवास पहुंच कर गहरा शोक जताया।

CHAND SHOPPING COMPLEX
Opp.Bus Stand, Loharu Road, Chand Shopping Complex, Ch. Dadri
सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष-2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
Mob. : 9812173525





सूबेदार चांद सिंह पहलवान
अध्यक्ष :
जिला कुश्ती संघ, चरखी दादरी



भिवानी। गांव दुल्हेड़ी के राजकीय स्कूल में एनएसएस शिविर को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## दुल्हेड़ी स्कूल में एनएसएस शिविर में स्वास्थ्य व साइबर सुरक्षा पर चर्चा

**भिवानी।** दुल्हेड़ी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला। शिविर विद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार सांगवान के मार्गदर्शन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जयवीर सोलंकी के नेतृत्व में किया। इस वर्ष का शिविर विशेष तौर पर केंद्र सरकार की यूथ फॉर माई भारत थीम पर आधारित है। शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए विशेष व्याख्यान आयोजित किए।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाती है मातृशक्ति उद्यमिता योजनाः एडीसी

**भिवानी।** सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें से हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना के तहत बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। तीन वर्षों तक सात प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी।

- महिला विकास निगम पांच लाख रुपए तक के ऋण का ब्याज अनुदान देती है तीन वर्षों तक

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने जिला में हरियाणा महिला विकास निगम को वर्ष 2025-26 के लिए 88 केसों का लक्ष्य दिया गया है। इस योजना के तहत जिला भिवानी की जो महिलाएं हरियाणा की स्थाई निवासी है और जिनकी वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम है वे महिलाएं इस योजना के पात्र है। ऋण के लिए आवेदक के समय पर महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।

# चेयरमैन ने परीक्षा को लेकर छात्रों के मन में उठने वाले सवालों का किया समाधान

- राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी के विद्यार्थियों ने की शिक्षा बोर्ड चेयरेमन व वाईस चेयरमैन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विदयालय शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं के समीप आते ही छात्रों में तनाव और उत्सुकता का माहौल है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला के गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालयके विद्यार्थियों ने एक विशेष पहल करते हुए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन कुमार व उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य परीक्षा की तैयारी को लेकर छात्रों के मन में उठने वाले सवालों का समाधान करना था। इस बारे में जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने बताया कि बोर्ड मुख्यालय पहुंचे विद्यार्थियों ने बोर्ड अध्यक्ष डा. पवन कुमार और ओएसडी समरवीर मोनू से भेंट की। चर्चा के दौरान छात्रों ने परीक्षा के भय, समय प्रबंधन और उत्तर लिखने की कला जैसे विषयों पर खुलकर अपनी जिज्ञासाएं रखी। चेयरमैन डा. पवन कुमार ने किसी अभिभावक की तरह सहज भाव से छात्रों की बातों को सुना और बहुत ही प्रेरणादायक ढंग से उनका मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. पवन कुमार ने कहा कि परीक्षा कोई डरने वाली चीज नहीं, बल्कि अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक अवसर है। उन्होंने विद्यालय द्वारा तैयार की गई विशेष कार्य योजना की सराहना करते हुए तीन मुख्य मंत्र दिए। जिसमें निरंतर लिखकर अभ्यास करने से त्रुटियां कम होती हैं, समय सारिणी बनाकर हर विषय को पर्याप्त समय दें।

# नागरिक भिवानी-जींद रोड पर अवैध कालोनियों में क्रय-विक्रय न करें

**भिवानी।** जिला नगर योजनाकार नवीन कुमार ने बताया कि विभाग के संज्ञान में आया है कि मौजा तिगड़ाना में शाइन रियल्टी के नाम पर अप्रूव्ड प्रोजेक्ट बताकर जन-साधारण को अवैध कालोनियों में प्लॉटों व मकानों का अवैध रूप से क्रय-विक्रय किया जा रहा है। जबकि विभाग द्वारा जिला के मौजा तिगड़ाना भिवानी-जींद रोड़ पर शाइन रियल्टी के नाम से कोई भी लाइसेंस जारी नहीं किया है। ऐसे में नागरिक भिवानी-जींद रोड़ पर अवैध कालोनियों में क्रय-विक्रय न करें। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिला में शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 लागू है। इस नियम के अंतर्गत सरकार की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना कॉलोनी विकसित करना, प्लॉटों की खरीद-फरोख्त करना और भवन निर्माण करना कानूनी अपराध है। नियमों की उल्लंघना करने वालों के विरूद्ध पुलिस विभाग में एफआईआर दर्ज की जाती है। उन्होंने बताया कि नियंत्रित शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पहले जिला नगर योजनाकार विभाग से अनुमति लेनी जरूरी है। उन्होंने बताया कि तिगड़ाना मौजा में जींद-भिवानी रोड़ पर विभाग द्वारा किसी कंपनी को प्लॉट काटने की अनुमति नहीं दी गई है। इसलिए अवैध कॉलोनाइजरों/प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में ना आए। किसी भी अवैध कालोनी में किये निर्माण को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए गिराया जा सकता है।






# नववर्ष विशेषांक, बवानी खेड़ा

आप सभी को नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
नव वर्ष आपके जीवन में अपार खुशियां लेकर आए। हरिभूमि समाचार पत्र को हर बार की भांति विज्ञापन के रूप में अपार प्यार देने के लिए आपका तहदिल से आभार।



**दीपक कुमार डुमड़ा**
हरिभूमि प्रतिनिधि, बवानी खेड़ा 9315441412

